अपोलोमेडिक्स लखनऊ ने शुरू किया कॉम्प्रिहेंसिव लीवर डिजीज क्लिनिक, यूपी और पड़ोसी राज्यों के मरीजों के लिए 24×7 विशेषज्ञ मार्गदर्शन उपलब्ध

लखनऊ। अपोलोमेडिक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, लखनऊ ने लीवर ट्रांसप्लांट और हेपेटो-पैंक्रिएटो-बिलियरी (एचपीबी) सर्जरी के लिए कॉम्प्रिहेंसिव लीवर डिजीज क्लिनिक की शुरुआत की है, जो मरीजों और उनके परिवारों को जटिल लीवर समस्याओं में विशेषज्ञ मार्गदर्शन प्रदान करेगा। इस क्लिनिक में शामिल हैं डॉ. अभिषेक यादव, सीनियर डायरेक्टर व हेड-लीवर ट्रांसप्लांट एवं एचपीबी सर्जरी; डॉ. राजीव रंजन सिंह, डायरेक्टर गैस्ट्रोएंटरोलॉजी; डॉ. जयेन्द्र शुक्ला, कंसल्टेंट गैस्ट्रोएंटरोलॉजी; और डॉ. उत्कर्ष श्रीवास्तव, कंसल्टेंट लीवर ट्रांसप्लांट एवं गैस्ट्रो सर्जन। यह टीम 24×7 उपलब्ध रहेगी और लीवर ट्रांसप्लांट में 95ब्र से अधिक सफलता दर के साथ मरीजों को भरोसेमंद मार्गदर्शन देगी। डॉ. अभिषेक यादव ने बताया कि भारत में हर साल 2.5 से 3 लाख लोग लीवर रोग और सिरोसिस के कारण अपनी जान गंवा देते हैं, जबकि सालाना केवल 2,5003,000 ट्रांसप्लांट ही होते हैं। फैटी लीवर डिजीज तेजी से बढ़ रही है और भारत की लगभग 30-35ब्र आबादी इससे प्रभावित है। उत्तर प्रदेश में हर साल 50,000ङ्क60,000 लोग लीवर रोगों से प्रभावित होते हैं, लेकिन केवल 200ङ्क250 ट्रांसप्लांट ही संभव हैं। ऐसे में ज्यादातर मरीजों को दूसरे राज्यों का रुख करना पड़ता है, जिससे इलाज की लागत बढ़ जाती है और फॉलो-अप मुश्किल हो जाता है। इस क्लिनिक का उद्देश्य मरीजों को हर जटिल लीवर समस्या में स्पष्ट और भरोसेमंद जानकारी देना है, चाहे वह ट्रांसप्लांट का निर्णय हो या जटिल एचपीबी सर्जरी। एमडी और सीईओ डॉ. मयंक सोमानी ने कहा कि अपोलोमेडिक्स लखनऊ यूपी में प्राइवेट सेक्टर में लीवर ट्रांसप्लांट शुरू करने वाला पहला केंद्र है। हॉस्पिटल की विशेषज्ञ टीम पूरी तरह से इन-हाउस है और देशभर में 75 से अधिक अपोलो अस्पतालों के नेटवर्क के माध्यम से रिमोट कंसल्टेशन की सुविधा भी उपलब्ध है। डॉ. यादव के नेतृत्व में अब तक 2,000 से अधिक सफल लीवर ट्रांसप्लांट और 4,000 से अधिक जटिल एचपीबी एवं जीआई सर्जरी की जा चुकी हैं। उन्होंने मध्य प्रदेश में पहला कैडेवरिक मल्टी-ऑर्गन ट्रांसप्लांट, पहला लिविंग डोनर कंबाइंड लिवर और किडनी ट्रांसप्लांट, और पांच महीने के छोटे बच्चे का सफल लीवर ट्रांसप्लांट किया है, जो उनके अनुभव और विशेषज्ञता का प्रमाण है। लीवर रोग के मामलों में सही निर्णय और विशेषज्ञ सलाह मरीजों के जीवन को बचाने में निर्णायक भूमिका निभा सकती है। अपोलोमेडिक्स का कॉम्प्रिहेंसिव लीवर डिजीज क्लिनिक न केवल मरीजों को उनके इलाज के विकल्प समझने में मदद करेगा, बल्कि सुरक्षित और भरोसेमंद उपचार के लिए मार्गदर्शन भी प्रदान करेगा। यह क्लिनिक न केवल उत्तर प्रदेश, बल्कि बिहार, झारखंड और नेपाल के मरीजों के लिए भी एक स्थायी और विश्वसनीय संसाधन बनकर उभरेगा।